Title: Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh for development of tourism at Estate Charkhari in Mahoba . – Laid.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र महोबा-हमीरपुर, उ0प्र0 के अंतर्गत स्टेट चरखारी एक ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। यहां पर प्राकृतिक पानी की अनेक प्राचीन झीलें हैं, जो कि पर्यटन की दृटि से देश में विशो महत्व रखती हैं। इन झीलों को देखने के लिए प्रतिदिन देश व विदेशों से हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं लेकिन इन झीलों का पर्यटन की दृटि से विकास न होने के कारण यहां आने वाले पर्यटकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। केन्द्र सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनायें बनायी है।

अतः मैं आपके माध्यम से पर्यटन मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के महोबा-हमीरपुर के अंतर्गत स्टेट चरखारी में पर्यटक स्थल एवं झीलों के विकास हेतु अधिक से अधिक धनराशि व्यय करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कट करें।